उद्यम पोर्टल

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री के अनुसार, लगभग एक करोड़ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) ने 25 महीनों के भीतर **उद्यम पोर्टल** पर पंजीकरण कराया है।

उद्यम पोर्टल:

- **परिचय:**
  - इसे 1 जुलाई, 2020 को लॉन्च किया गया था।
  - यह MSMEs के पंजीकरण के लिये स्थापित एक ऑनलाइन प्रणाली है, जिसे केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया है।
  - इसके अलावा, यह केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) और **वस्तु और सेवा कर नेटवर्क (GSTN)** के डेटाबेस से जुड़ा हुआ है।
    - GSTN एक अनूठा और जटिल IT उद्यम है जो करदाताओं, केंद्र और विभिन्न राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों के मध्य संचार और वार्ता के लिये एक नेटवर्क स्थापित करता है।
  - यह पूरी तरह से ऑनलाइन है, इसके लिये किसी भी प्रकार के लिखित प्रमाण की आवश्यकता नहीं है और यह MSME के लिये व्यवसाय को सुगम बनाने की दिशा में एक कदम है।
- **महत्त्व:**
  - MSMEs के लिये MSME मंत्रालय की योजनाओं का लाभ उठाने और बैंकों से प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र से ऋण के लिये उद्यम पोर्टल पर पंजीकरण आवश्यक हैं।
    - साथ ही एमएसएमई देश के सकल घरेलू उत्पाद, निर्यात और रोज़गार सृजन में योगदान करते हैं।
- **नई पहल:**
  - उद्यम डेटा साझा करने के लिये **MSME** मंत्रालय ने पर्यटन मंत्रालय और राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं।
  - इसके अलावा उद्यम पंजीकरण के लिये डिजी लॉकर सुविधा को भी जोड़ा जाएगा।

MSME

- **परिचय:**
  - सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) क्षेत्र देश के **सामाजिक-आर्थिक विकास में एक प्रमुख योगदानकर्त्ता है।**
    - भारत में इस क्षेत्र ने देश के **सकल घरेलू उत्पाद (GDP) और इसके निर्यात में योगदान के कारण महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है।**
    - इस क्षेत्र ने विशेष रूप से भारत के **अर्द्ध -शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता विकास के संबंध में भी बहुत योगदान दिया है।**
  - सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (MSMED) अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुसार, **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) को दो वर्गों में वर्गीकृत किया गया है, अर्थात् विनिर्माण उद्यम और सेवा उद्यम।**
    - उपकरणों में निवेश और वार्षिक कारोबार के आधार पर उद्यमों को वर्गीकृत किया गया है।

- **संबंधित पहल:**
  - पारंपरिक उद्योगों के उत्थान के लिये निधि की योजना (SFURTI)
  - नवाचार, ग्रामीण उद्योग और उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु योजना (ASPIRE):
  - एमएसएमई इनोवेटिव स्कीम

स्रोत:पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/udyam-portal